तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि


# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 21 मार्च 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 पहली बैठक में जल संकट पर बनी योजना, पानी की तत्काल ...


12 वाटर लेबल हो रहा डाउन, गांव में पेयजल की गहराने ...




## खबर संक्षेप

### माहेश्वरी भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 23 को

**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन माहेश्वरी भवन में 23 मार्च को किया जा रहा है। पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा राजेन्द्र शर्मा के प्रयास से रायपुर के विशेषज्ञ डॉक्टर बेमेतरा आ रहे हैं। जहां निशुल्क शुगर, बीपी जांच, ईसीजी जांच की भी सुविधा होगी। शिविर में डॉ आशीष शर्मा यूरोलॉजिस्ट, डॉ मनोज गुप्ता हार्ट स्पेशलिस्ट, डॉ कृष्णा सोमानी नेफ्रोलॉजिस्ट, डॉ वैशाली पवनिकर स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ श्रद्धा द्विवेदी डायटिशियन एवं डॉ वीचि मिश्रा होम्योपैथिक सेवाएं देंगे। शिविर दोपहर 12 से 3 बजे तक रहेगा, लेकिन मरीज या संबंधित व्यक्ति पूर्व से पंजीयन करा सकता है।

### लाईट एंड साउंड के माध्यम से युगत्रेता का मंचन 23 को

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ स्तर पर रंगमंच की सनातन परंपरा को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से ओजस्वी फिल्म्स के कलाकारों द्वारा "मानस थिएटर" के माध्यम से "लाईट एंड साउंड" का भव्य आयोजन किया जा रहा है। अब इस अनूठी प्रस्तुति को पूरे देश में मंचित करने का संकल्प लिया गया है। कार्यक्रम के निदेशक वसंत वीर उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि बेमेतरा शहर के माहेश्वरी भवन में 23 मार्च (रविवार) को विशेष नाटक "युगत्रेता" का मंचन किया जाएगा। इस नाटक में रावण की मृत्यु के बाद उसकी विचारधारा और केवट प्रसंग को मुख्य आकर्षण के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। इस मंचन के अंतर्गत "मानस बैंड" के कलाकारों द्वारा श्रीरामचरितमानस की चौपाइयों पर संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी, जिससे दर्शकों को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक अनुभूति प्राप्त होगी। इसमें प्रदेश व देश के कलाकार शामिल हैं। गीत व संगीत के माध्यम से लाइट एंड साउंड आधारित इस नाट्य का सफल आयोजन छत्तीसगढ़ के अनेक शहरों में हो चुका है।

### मादक पदार्थों को लेकर दुर्ग रेंज स्तरीय कार्यशाला

**भिलाई।** मादक पदार्थ को लेकर दुर्ग रेंज स्तरीय कार्यशाला संपन्न हुआ। कला मंदिर, सिविक सेंटर में दुर्ग, राजनांदगांव रेंज के पुलिस अधिकारियों और विवेचकों के लिए प्रकरणों की प्रभावी विवेचना को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला हुआ। कार्यशाला में जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग प्रज्ञा पचौरी ने जब्ती प्रक्रिया, कानूनी औपचारिकताएं, विवेचना में देरी के कारण और कानूनी पहलुओं को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। आईजी रामगोपाल गर्ग ने एंड टू एंड इन्वेस्टिगेशन, फाइनेंशियल इन्वेस्टिगेशन, सर्च, सीज, सैंपलिंग से जुड़ी कई जानकारी दिया। इसी तरह से आईजी राजनांदगांव रेंज दीपक झा ने मादक पर्दार्थों के सप्लाई नेटवर्क, फाइनेंशियल इन्वेस्टिगेशन, प्रभावी जांच की रणनीतियों पर चर्चा की।

**आरोप : गुरुवार सुबह नवागढ़ ब्लॉक के ग्राम नेवशा में फंदे पर मिली अधेड़ की लाश**

# अधेड़ ने लगाई फांसी, आरक्षक पर धमकाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने घेरा थाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

गुरुवार की सुबह नवागढ़ ब्लॉक के ग्राम नेवशा में अधेड़ की लाश फ़ंदे पर लटकी हुई मिली, जिसे देख गांव सहित अंचल में सनसनी फैल गयी। वहीं, मृतक के परिजनों का आरोप है कि घटना के एक दिन पूर्व मृतक को पुलिसकर्मी ने झूठे केस में फंसाने को लेकर धमकाया था, जिससे वह मानसिक रूप से विचलित था। आक्रोशित परिजन नवागढ़ थाना आ पहुँचे, जहां बड़ी संख्या में साहू समाज के लोगों ने थाने का घेराव कर पूरे मामले की जांच करने तथा पुलिसकर्मी पर कार्रवाई की मांग को लेकर अड़े रहे। मिली जानकारी के अनुसार कुमार साहू पिता रुंगु उम्र 53 निवासी ग्राम नेवशा ने पहले गांव के ही जित्तू साहू व अन्य के पास धान बेचा था, जिसका पैसा अभी तक उसे नहीं मिला था। इसी तरह गांव के साथ ही क्षेत्र के कई किसानों ने जित्तू साहू व अन्य के पास धान बेचा और उनका भी भुगतान नहीं किया गया है। उक्त मामले को लेकर नवागढ़ थाना में अपराध दर्ज है एवं मामला न्यायालय में लंबित है। फिलहाल जित्तू जमानत पर है।

- मारपीट के बाद जित्तू ने थाने में किसान के विरूद्ध लिखाई थी रिपोर्ट

### गांव के ही जित्तू साहू ने किसान से खरीदा था धान, नहीं दी थी रकम



रकम मांगने होली के दिन जित्तू के घर पहुंचा था किसान, जहां हुई थी मारपीट





### होली के दिन आरोपी के घर राशि मांगने गया था, हुई थी मारपीट

मृतक के परिजनों के मुताबिक होली के दिन कुमार जित्तू के घर अपने धान की राशि मांगने गया हुआ था, तब जित्तू व अन्य लोगों से उसकी झड़प हुई थी। जित्तू ने अपने घरवालों के साथ आकर नवागढ़ थाने में कुमार के खिलाफ शिकायत की थी। शिकायत पर पुलिसकर्मियों ने कुमार साहू को दो-तीन बार नवागढ़ थाना बुलवाया था। परिजनों का आरोप है कि नवागढ़ थाने में पदस्थ आरक्षक प्रकाश राजपूत ने एकपक्षीय व्यवहार करते हुए कुमार साहू को धमकाया और रिश्वत की मांग की थी, जिससे वह काफी परेशान था। गुरुवार की सुबह करीब 05 बजे कुमार अपने घर से गेहूं की फसल देखने के नाम पर खेत की ओर गया था। तभी करीब 07 बजे ग्रामीणों ने देखा कि कुमार साहू की लाश परसा के पेड़ पर गमछे के फंदे से लटकी हुई थी। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना नवागढ़ थाने में दी।

### परिजनों ने कहा- पुलिसकर्मी ने एक दिन पहले झूठे केस में फंसाने को लेकर दी थी धमकी, मांगी थी रिश्वत




### जिपं सदस्य मधु भी पहुंचीं थाने

उधर, घटना से आक्रोशित परिजन एवं साहू समाज के लोग नवागढ़ थाने पहुँचे और उक्त पुलिसकर्मी एवं जित्तू पर कार्रवाई की मांग को लेकर थाने के दरवाजे पर ही धरना देकर बैठ गए। जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय भी परिजनों के समर्थन में थाना पहुँचीं और उनसे बातचीत कर कार्रवाई नहीं होने पर जिला से लेकर प्रदेश स्तर तक मामले को उठाने की बात कही। मामले की गम्भीरता को देखते हुए एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की ने मोर्चा सम्भाला और परिजनों को उचित करवाई का आश्वासन दिया। अंततः एसडीओपी को शिकायत सौंपने के पश्चात परिजन वापस हो गए। पोस्टमार्टम उपरांत गांव में मृतक का अंतिम संस्कार किया गया।

### अधिकारियों की तानाशाही नहीं चलेगी

पीड़ित को न्याय मिलना चाहिए। इस मामले को उच्च अधिकारियों तक लेकर जाऊंगी। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। हम किसानों के साथ खड़े हैं। अब नवागढ़ में अधिकारियों की तानाशाही नहीं चलने वाली है।

- **मधु रॉय,** जिला पंचायत सदस्य, बेमेतरा

### आरक्षक प्रकाश लाइन अटैच

ग्रामीणों की शिकायत पर आरक्षक प्रकाश राजपूत को तत्काल प्रभाव से बेमेतरा लाइनअटैच कर दिया गया है। पूरे प्रकरण की जिला स्तरीय कमेटी जांच करेगी, जल्द दोषी पकड़ में होंगे।

- **मनोज तिर्की,** एसडीओपी बेमेतरा।

### जांच के बाद दोषी पर होगी कार्रवाई

पुलिसकर्मी द्वारा किसी को प्रताड़ित करने या रिश्वत मांगने की जानकारी मुझे नहीं है, यदि ऐसा हुआ है तो जो भी जांच के दोषी होगा, उस पर सख्त करवाई होगी।

**- दिलेश्वर चंद्रवंशी, थाना प्रभारी नवागढ़**

### जल्द न्याय नहीं मिला तो होगा उग्र आंदोलन

पीड़ित पक्ष को ही थाना बुलवाकर धमकाना दुर्भाग्यपूर्ण है। पूरा साहू समाज पीड़ित के साथ खड़ा है, यदि जल्द न्याय नहीं मिला तो उग्र आंदोलन होगा।

**रामसागर साहू, तहसील अध्यक्ष, साहू समाज नवागढ़।**

## ग्राम कंदई में शराब, गांजा बेचने पर लगेगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा





साजा क्षेत्र कंदई के ग्रामीणों ने सराहनीय पहल के लिए बैठक ली और शराब बंदी पर सख्त फैसला लिया गया। बैठक में तय किया कि गांव में कहीं भी शराब नहीं बिकेगी। इस नियम को कोई तोड़ता है तो उस पर जुर्माना लगाया जाएगा और गांव के नियमों के अनुसार कारवाई करेंगे। बैठक में ग्रामीणों के साथ क्षेत्र के चौकी प्रभारी संतोष धुर्वे, ग्राम सरपंच सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

- साजा ब्लॉक के ग्राम कंदई में ग्रामीणों ने लिया शराब बंदी का फैसला

गौरतलब हो कि बीते बुधवार साजा ब्लॉक के ग्राम कंदई में फैसला लिया गया कि अवैध शराब बिक्री नहीं होगी और गांव का कोई भी व्यक्ति अवैध शराब नहीं बेंच सकेगा ऐसा और यदि कोई इस नियम को तोड़ता है तो उस पर जुर्माना भी लागू होगा और कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी। ऐसा बैठक में भी प्रस्ताव पारित किया गया है जिसकी सभी लोगों द्वारा सराहना की जा रही है। इसे देखकर लगता है कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में नशे के चलते दिख रहे दुष्प्रभावों को लेकर अब ग्रामीण भी जागरूक होते दिखाई दे रहे हैं और आमजन खुद को सूझबूझ से ही अब इस बुराई से दूर होने का प्रयास कर रहे हैं। जिले के साजा ब्लॉक कंदई ग्रामीण बैठक कर पंचायत में शराबबंदी का फैसला लिया है और इस फैसले में सभी की सहमति शामिल की गई है। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि गोवेंद्र पटेल ने बताया कि गाँव में शराब खोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है। इसलिए गांव के सभी प्रमुख जनों ने बैठकर फैसला किया और इसका प्रस्ताव पारित किया गया है। अब गांव में ना तो शराब बिकेगी और ना शराबखोरी होगी। पुलिस द्वारा उसे बख्शा नहीं जाएगा।सभी लोग ग्रामीणों द्वारा लिए गए इस फैसले की सराहना कर रहे हैं और जल्द ही दूसरे ग्रामीण क्षेत्रों में भी ऐसे प्रयास किए जाने के कयास लगाए जा रहे हैं।

## गर्मी में धान फसल की सिंचाई में लग रहा काफी पानी, मार्च में ही काफी नीचे चला गया जलस्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले के अंचल में इन दिनों गर्मी के सीजन ने दस्तक दे दी है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र का वाटर लेवल मार्च में ही काफ़ी नीचे चला गया है। जबकि भीषण गर्मी का दौर का आना अभी शेष है। जिस तरह से गर्मी की तेज तपन से घटते जलस्तर ने आमलोगों को चिन्ता में डाल दिया है। वहीं जिले के विभिन्न इलाकों में ऐसी विकट परिस्थितियों के बीच धान की दोबारा फसल ली जा रही है। जिसके चलते भी भू-जलस्तर तेजी से गिरना कारण माना जा रहा है। दरअसल जिलेभर के कई इलाकों में खरीफ की फसल के रूप धान की पैदावार करने के बाद दोहरी फसल लेने के लिए पुनः अपने खेतों में धान की फसल उगाई जा रही है। इसमें काफी बड़े पैमाने पर पानी की जरूरत पड़ती है, जिसकी पूर्ति के लिए किसान मोटरपंप व ट्यूबवेल के सहारे खेतों में धान की फसल की सिंचाई कर रहे हैं, जो वाटरलेवल के लिए काफी नुकसानदेह है। इसी कड़ी में ही ज़िला क्षेत्र के अनेक किसान अभी गर्मी के दौर में भी डबल फसल व ज्यादा मुनाफ़े की चाहत में वाटर लेवल से छेड़छाड़ कर पानी का दोहन कर रहे हैं। हालत यह की खेतों में धान की फसल बचाने पानी की जरूरत किसानों पड़ रही है, लेकिन दोहरे लाभ के चलते आमजनों को पेयजल की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। जिस तरह से मूल खेती से हटकर कृषि कार्य किया जा रहा है, उससे आगामी दिनों में पानी की कमी से जूझने आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। बहरहाल मौजूदा स्थिति को देखते हुए शासन-प्रशासन को गंभीरतापूर्वक ध्यान देने की दरकार है। फिलहाल ज़िले के बड़े रकबे में इन दिनों जलस्तर के लिए किफायती रबी की फसलों के बजाए धान की पैदावार कर भू-संकट की स्थिति पैदा कर रहे है, जो काफी चिंताजनक विषय है।

- किसानों को रबी फसल का धान बचाने की चिंता, पेयजल के लिए जूझ रहा आमजन

**पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने फीता काटकर किया भवन का लोकार्पण**

# एसडीओपी कार्यालय बेरला को मिली नए भवन की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




जिले के बेरला ब्लाक में 20 मार्च को पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय का नवनिर्मित भवन पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग, राम गोपाल गर्ग (भा.पु.से.) के मुख्य आतिथ्य में रिबन काट कर लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा मनोज तिर्की, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला विनय कुमार, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो सहित जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

नये भवन के प्रवेश समारोह में पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग राम गोपाल गर्ग (भा.पु.से.) ने कहा कि इस नवनिर्मित भवन के माध्यम से आम जनताओं की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। यह कार्यालय थाना बेरला, साजा, परपोडी एवं चौकी कंडरका, देवकर के अंतर्गत कार्य करेगा, जिससे क्षेत्रवासियों को अपनी समस्याएं और शिकायतें दर्ज कराने में सुविधा होंगी। नवनिर्मित भवन पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय बेरला का शुभारंभ होने पर सभी स्टाफ एवं क्षेत्र वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर स्टेनो अजय कुमार देवांगन सहित जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, दुलेश्वर चंद्रवंशी, उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, अलील चंद, डी.एल. सोना, राजकुमार साहू, ओंकार साहू, भुनेश्वर यादव, कंवल सिंह नेताम, सुरेश सिंह राजपूत, कृष्ण कुमार क्षत्री, जितेन्द्र कुमार कश्यप, दिनेश चंद शर्मा, एसपी रीडर सउनि विष्णु सप्रे, आईजीपी कार्यालय से प्रशांत शुक्ला, प्रधान आरक्षक लोकेश सिंह, गोविंद सिंह एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

### परिसर में आवास उपलब्ध होने से बढ़ेगी कार्यक्षमता

एसएसपी बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने कहा कि इस भवन के लोकार्पण का उद्देश्य क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और आम जनता की समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने सभी स्टाफ और क्षेत्रवासियों को बधाई दी और सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। नये भवन के तैयार होने से उस परिसर में आवास उपलब्धता से उनके कार्य क्षमता का संचार बढ़ेगा।

## पीजी कॉलेज में भारत युवा संसद कार्यक्रम आज व कल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विकसित भारत युवा संसद 2025 के अंतर्गत शासकीय पंडित जवाहरलाल नेहरू कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा वन नेशन वन इलेक्शन पर भारत युवा संसद में 21 एवं 22 मार्च को युवा अपनी बात रखेंगे।

- वन नेशन वन इलेक्शन पर जिले के 85 युवा रखेंगे अपनी बात

पंडित जवाहरलाल नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य वीणा त्रिपाठी ने दी उन्होंने बताया कि देश में 300 जिले के कॉलेजों को नोडल बनाया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ के हेमचंद विश्वविद्यालय में तीन कॉलेज को नोडल के रूप में चयनित किया गया है। इसमें बेमेतरा पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय को भी नोडल बनाया गया है। इसके अंतर्गत कबीरधाम जिला को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर 18 से 25 साल के युवाओं को इस जिले के 328 युवाओं ने सर्वाधिक वीडियो विकसित भारत कैसा हो इस विषय पर एक मिनट का अपना विचार रखकर माय भारत पोर्टल में भेजे थे, किसका रजिस्ट्रेशन किया गया। कमेटी द्वारा इसकी स्कूटी की गई और इसमें से 150 युवाओं को चयन किया गया है। इसमें बेमेतरा जिले के 85 तथा कवर्धा जिले के 65 युवाओं का चयन किया गया। इन चयनित युवाओं का बेमेतरा कॉलेज में 21 तारीख को विकसित भारत कैसा हो कार्यक्रम की शुरुआत होगी। जिसमें कबीरधाम के युवा अपने विचार रखेंगे वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर 3 मिनट पर अपना विचार देंगे इसके लिए निर्णायक मंडल बनाया गया है। निर्णायक मंडल द्वारा चयन के लिए भी मापदंड बनाया गया है। इसके अनुसार विषय वस्तु के संबंध में 15 अंक, बॉडी लैंग्वेज पर 25, नवाचार एवं प्रस्तुतीकरण पर 20, भाषा एवं धारा प्रवाह पर 10 तथा समय प्रबंधन ▶▶| शेष पेज 13 पर

**खबर संक्षेप**

## ग्राम बोरसी में रामायण सम्मेलन कल से

**रायपुर/बेरला।** विकासखंड बेरला के ग्राम बोरसी में 22 मार्च से तीन दिवसीय रामायण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के मंत्री पाल ने बताया कि सम्मेलन में भगवान री राम की कथाओं का वर्णन करने के साथ ही आमंत्रित रामायण मंडलियां संगीतमय रामायण पाठ के साथ कथा प्रसंग व्याख्या प्रस्तुत करेंगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल होंगे। साथ ही विधायक दीपेश साहू तथा जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि उक्त तिथियों में ही आसपास के ग्राम उफरा, पाहरा, तिलई एवं मौलीभांठा में भी रामायण समारोह का आयोजन किया गया है।

## सामूहिक उपनयन संस्कार की तैयारियां शुरू

**कवर्धा।** नवीन विप्र भवन कवर्धा में 18 मार्च को, 6 व 7 अप्रैल को सम्पन्न होने वाले सामूहिक उपनयन संस्कार (व्रतबंध) कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए आयोजन समिति के अध्यक्ष विनोद तिवारी के अध्यक्षता में कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वप्रथम सभी सदस्यों को कार्य विभाजन कर जिम्मेदारी सौपी गई। रसीद की जिम्मेदारी आनंद मिश्रा, सचिव सुरेश शर्मा, उपाध्यक्ष वेद नारायण तिवारी, मंच संचालन व मंच व्यवस्था राजेश पाण्डेय प्रभारी, उमेश पाठक, अभिषेक पाण्डेय, विपिन शर्मा, भावेश मिश्रा, भोजन व्यवस्था संरक्षक वेदनारायण तिवारी, प्रभारी सिद्धू तिवारी, सहयोग प्रभाकर शुक्ला, बसंत शर्मा, कीर्तन शुक्ला, प्रमोद शुक्ला, मधु तिवारी, आनंद मिश्रा, चन्द्रशेखर शर्मा, विजय शर्मा, संतोष शुक्ला को सौंपी गई।

## किसानों के लिए ई-नाम प्लेटफॉर्म लॉन्च

**कवर्धा।** केन्द्र सरकार ने छोटे व सीमांत किसानों को राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) में भाग लेने व प्रोत्साहित करने के लिए नई पहल को लागू किया गया है, जिससे बेहतर कीमतें प्राप्त हो सके। ई-नाम पोर्टल व मोबाइल एप (एंड्रॉइड और आईओएस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध) के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा प्रदान की गई है। माना जा रहा है कि इस सुविधा का लाभ लेकर किसान अपनी फसलो के दाम पूरे देश के बाजारों में पता कर सकते हैं और उन्हें जहां लाभ नजर आता है वहां वे अपनी फसल को अपनी सुविधा से बेंच सकते हैं।

## गर्मी में बढ़ी बर्फ की मांग

**कवर्धा।** लगातार बढ़ते तापमान के बीच शीतल प्रदान करने वाली बर्फ की मांग बढ गई है। ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि, जैसे-जैसे पारा चढ़ेगा और विवाह के मुहुर्तो की तिथियां करीब आयेंगी वैसे-वैसे बर्फ की मांग और अधिक होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के सभी बर्फ फैक्ट्रियों में सामान्य से डेढ़ गुना मांग होने के कारण फैक्ट्री मालिकों ने बर्फ उत्पादन की गति एवं क्षमता भी बढ़ा दी है। बर्फ फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों का मानना है कि, तेज धूप की तपिश के साथ ही बर्फ की मांग भी घटते बढ़ते रहती है। यह मांग शादी के मुहुर्त पर सर्वाधिक निर्भर होती है।

# गौरैया चिड़िया विलुप्ति की कगार पर, उनके संरक्षण के लिए प्रयास आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

विकासखण्ड बेरला के अन्तर्गत आने वाले शासकीय हाई स्कूल भरदा में प्रकृति के नन्हे दूतों को श्रद्धांजलि थीम के तहत विश्व गौरैया दिवस मनाया गया। जिसमें संस्था के शिक्षकगण और पर्यावरण संरक्षण समिति प्रथम के सदस्य उपस्थित थे। संस्था के प्राचार्य संतोष कुमार परगनिया ने बताया कि 2025 में इस थीम से विश्व गौरैया दिवस मनाने का उद्देश्य गौरैया के प्रति मानवीय स्नेह को बहाल करना और लोगों को संरक्षण गतिविधियों के लिए प्रेरित करना है। हम कहीं भी रहें सदा पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करते रहना है। पर्यावरण संरक्षण समिति अध्यक्ष और भरदा सरपंच हीराधर निषाद ने कहा कि गौरैया पारिस्थितिकी तंत्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। ये छोटे पक्षी जैव विविधता को और विकसित करने और पारिस्थितिकी तंत्र में पौधों की वृद्धि का समर्थन करने में सहायता करते हैं। जिसके परिणामस्वरूप स्वस्थ और हरा-भरा हरियाली वातावरण बनता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए राज्यपाल पुरस्कार शिक्षक विकेश कुमार यादव ने बताया कि गौरैया की आबादी विलुप्त होने की कगार पर है। हमें इनकी आबादी की भयावह स्थिति के बारे में जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। जो लोग गौरैया के प्रति जुनूनी हैं और उनकी सुंदरता की सराहना करते हैं उन्हें आगे बढ़ कर अपना योगदान देना चाहिए।

### शासकीय हाई स्कूल भरदा में मनाया गया विश्व गौरैया दिवस

**पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई**

इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों ने गौरैया के प्रति संवेदना प्रकट करते अपने विचारों को चित्र के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में व्याख्याता राखी वैष्णव, पन्नालाल परगनिहा, तारकेश्वर निषाद, भूमिका, प्रीति, दुर्गा, प्रतिज्ञा, अचल, दुष्यंत, डोमन, नरेंद्र, तुषार सहित स्कूल के विद्यार्थी शामिल हुए।




**क्यों मनाते हैं गौरैया दिवस**

विश्व गौरैया दिवस को गौरैया के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इसके अलावा ये शहरी वातावरण में रहने वाले आम पक्षियों के प्रति जागरूकता लाने हेतु भी मनाया जाता है। घरेलू गौरैया मार्च से अगस्त के अंत तक अंडे देती है। वसंत ऋतु में अंडे देने का समय शुरू होता है और अप्रैल से अगस्त के बीच इसकी गतिविधि सबसे ज़्यादा होती है।

### जिला पंचायत की नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों की पहली सामान्य सभा में सदस्यों ने उत्साह से लिया भाग

# पहली बैठक में जल संकट पर बनी योजना, पानी की तत्काल आपूर्ति के लिए भेजे जाएंगे टैंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक संपन्न हुई। नवनिर्वाचित सदस्यों की पहली सामान्य सभा हुई है। पहली मर्तबा निर्वाचित हो कर आए जिला पंचायत सदस्य काफी उत्सुकता में नजर आए। जिला पंचायत के सभागार में आयोजित सामान्य सभा की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने की। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष खुशबू गोविंद वर्मा, जिला पंचायत सीईओं टेकचंद अग्रवाल सहित जिला पंचायत के सभी सदस्य एवं जिला अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिले के विकास कार्यों की समीक्षा और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

■ जल संरक्षण को बढ़ावा देने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने पर दिया गया विशेष जोर

बैठक की शुरुआत में वर्ष 2025-26 के लिए डीपीडीपी (वार्षिक कार्ययोजना) निर्माण पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। सदस्यों ने विकास योजनाओं की प्राथमिकताओं और वित्तीय प्रबंधन के संबंध में अपने सुझाव प्रस्तुत किए। इसके बाद पंचायत सम्मिलन में हुए व्यय की कार्योत्तर स्वीकृति तथा जिला पंचायत सदस्यों के प्रथम सम्मिलन में हुए व्यय की स्वीकृति के प्रस्ताव पारित किए गए। इन स्वीकृतियों से पंचायत स्तरीय कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। जिले में पानी की समस्या को दूर करने के लिए विभिन्न उपायों पर गहन चर्चा की गई। सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि जरूरतमंद क्षेत्रों में पानी की तत्काल आपूर्ति के लिए पानी टैंकर भेजे जाएंगे। साथ ही समस्त ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने पर विशेष बल दिया गया। अधिकारियों ने जानकारी दी कि आगामी दिनों में ग्राम पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को वर्षा जल संरक्षण के तरीकों से अवगत कराया जाएगा।

### बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा के साथ भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से की गई चर्चा




**विकास के लिए सभी सदस्यों व अधिकारियों को मिलकर कार्य करना होगा : कल्पना**

बैठक के अंत में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि जिले के समग्र विकास के लिए सभी सदस्यों और अधिकारियों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से अनुरोध किया कि बैठक में लिए गए निर्णयों को समयबद्ध रूप से क्रियान्वित किया जाए और नियमित अंतराल पर प्रगति की समीक्षा की जाए।इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष खुशबू गोविंद वर्मा ने भी सभी सदस्यों को आश्वस्त किया कि जिला पंचायत विकास योजनाओं को सफल बनाने के लिए हर संभव सहयोग देगी। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों एवं अधिकारियों ने अपने-अपने सुझाव रखे और भविष्य की रणनीतियों पर सामूहिक रूप से सहमति व्यक्त की। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि जिले के विकास व आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे।

**ब्लैकलिस्टेड होंगे लापरवाह ठेकेदार**

अमलडीहा क्षेत्र में निर्माण कार्य समय पर पूर्ण नहीं होने पर सदस्यों ने असंतोष व्यक्त किया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा, ताकि भविष्य में विकास कार्यों में देरी न हो। संबंधित विभाग को निर्देश दिए गए कि वे जल्द से जल्द इन कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

**आंगनबाड़ियों की मरम्मत के लिए होगा निरीक्षण :**

बैठक में मरम्मत योग्य आँगनबाड़ियों की मरम्मत कराने सदस्यों ने कहा। आँगनबाड़ी केंद्र बच्चों के पोषण और प्रारंभिक शिक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, अतः उनकी स्थिति सुधारने के लिए त्वरित कदम उठाए जाने चाहिए। अधिकारियों ने कहा कि कुछ आँगनबाड़ियों में मरम्मत हो रही है। जिन आँगनबाड़ियों में मरम्मत की आवश्यकता है, निरीक्षण करा कर जल्द कराया जाएगा।

# सम्बलपुर में अंतरिक्ष दर्शन कार्यक्रम 24 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

अंतरिक्ष दर्शन कार्यक्रम के अन्तर्गत ऋष्यन इंग्लिश मीडियम स्कूल सम्बलपुर में 24 मार्च को एस्ट्रोनोमिकल टेलिस्कोप की सहायता से सौरमंडल के ग्रहों तथा नक्षत्रों को विद्यालय प्रांगण में बच्चों को दिखाया जाएगा। कार्यक्रम का आरम्भ शाम 6.30 बजे से होगा। अंतरिक्ष दर्शन कार्यक्रम में किसी भी विद्यालय के कक्षा 2री से 6वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। अंतरिक्ष दर्शन कार्यक्रम पूरी तरह निःशुल्क है। विद्यार्थियों को इसमें शामिल होने के लिए अपने स्कूल आईडी कार्ड को लेकर ऋष्यन इंग्लिश मीडियम स्कूल सम्बलपुर के आफिस में अपने अभिभावक के साथ 24 मार्च से पहले सम्पर्क करना होगा।

■ कक्षा 2री से 6वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं

रजिस्ट्रेशन होने के पश्चात विद्यालय प्रबंधन द्वारा आपको 24 या 25 मार्च में से किसी एक दिन का समय दिया जाएगा। संस्था के चेयरमैन जीपी मिश्रा ने बताया कि हम सभी को बचपन से ही अपने आस पास के ग्रह नक्षत्रों और अंतरिक्ष के बारे में सुनकर बहुत आनंद आता था। परन्तु सुविधाओं के अभाव की वजह से हममें से अधिकांश लोगों को अतंरिक्ष को खुली आंखों से देखने का अवसर प्राप्त नहीं हो सका। आज हमारे बच्चों के अंदर भी ऐसी ही जिज्ञासा अतंरिक्ष को जानने को लेकर रहती है। इसलिए विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों को अंतरिक्ष दिखाने के लिए खगोलीय दूरदर्शी को लाया जा रहा है जिससे बच्चे अपनी खुली आंखों से आस पास के सभी ग्रह नक्षत्रों को देख सकेंगे। ऐसे कार्यक्रम निश्चित रूप से बच्चों के मस्तिष्क को विकसित करने के साथ साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने का कार्य करते हैं।

# डाइट में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम, वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया। डीएलएड प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के छात्र अध्यापकों ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक वेशभूषा में लोक नृत्य करमा, सुवा, ददरिया, रिलो, पंथी राउत नाचा, जसगीत, चेंदवा बैगा, सहित छत्तीसगढ़ी गीत एवं लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी।

■ छात्राध्यापकों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति

कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के मुखिया डाइट प्राचार्य जेके घृतलहरे ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर की। अपने उद्बोधन में डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से छात्र-छात्राओं की रचनात्मक गतिविधियों को और उनकी प्रतिभाओं को एक उचित प्लेटफार्म मिलता है। उन्होंने बताया कि हमारे डीएलएड प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष के छात्र अध्यापकों के लिए शासकीय पूर्व



माध्यमिक शाला रानो विकासखंड साजा की नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने पुरस्कारों की घोषणा की है, कि जो छात्राध्यापक प्रथम वर्ष की परीक्षा में और द्वितीय वर्ष की परीक्षा में अपनी-अपने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करेंगे उन्हें 5001 रुपये की राशि से सम्मानित किया जाएगा। इसी कड़ी में उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला खिलोरा में अध्यापनरत शिक्षिका सुचिता निषाद का भी उल्लेख किया। जिन्होंने हमारे डाइट के लिए 50000 रूपए का वाटर कूलर प्रदान कर जिले में एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। कार्यक्रम को डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता और पीएसटीई प्रभारी अनिल कुमार सोनी ने भी संबोधित किया। समूचे कार्यक्रम का संचालन द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापक डाकवर और प्रथम वर्ष की छात्राध्यापिका संगीता साहू ने किया। जबकि द्वितीय वर्ष की छात्राध्यापिका नीलम सेन ने सहयोगी के रूप में कार्य किया।

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रभारी यमुना जांगड़े, डाइट की वरिष्ठ व्याख्याता उषा किरण पांडेय, जी एल खुटियारे, थलज कुमार साहू, कीर्ति घृतलहरे, नागेंद्र शर्मा, कमलेश शर्मा, अमिंदर भारतीय, सत्येंद्र मिश्रा, पूनम पांडेय, सरस्वती साहू सहित सभी अकादमिक, कार्यालयीन एवं डीएलएड के छात्राध्यापक, छात्राध्यापिका उपस्थित थे।

# समस्याओं के बीच हो रहा है मोहगांव स्थित बीज प्रक्रिया केन्द्र का संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम द्वारा साजा विकासखण्ड के ग्राम मोहगांव में स्थित बीज प्रक्रिया केन्द्र को इन दिनों काफी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। जिसमें पर्याप्त बाउंड्रीवाल से लेकर सर्विस रोड तक के लिए बीज प्रक्रिया केन्द्र प्रबन्धन को भुगतना पड़ रहा है। लेकिन शासन-प्रशासन है कि इस परेशानी पर ज़रा भी रुचि नहीं ले रहा है। लिहाजा आलम यह है कि अन्नदाता किसानों के करोड़ों रूपये के प्रमाणिक बीज की सुरक्षा एवं उनकी व्यवस्था पर सवालिया निशान उठ रहा है।

■ बाउंड्रीवाल व सर्विसरोड के बिना हो रहा उन्नत बीजों का भण्डारण

दरअसल बेमेतरा ज़िला के ग्राम पथर्रा एवं मोहगांव में किसानों की उन्नत बीज की खरीद-बिक्री एवं रखरखाव के लिए बीज प्रक्रिया केन्द्र का निर्माण किया गया है। जिसमें पथर्रा स्थित बीज निगम का प्रक्रिया केन्द्र दशकों पुराना होने के कारण वहां पर सर्विस रोड से लेकर, पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे, बाउंड्रीवाल व कर्मचारीगण मौजूद है। जबकि मोहगांव स्थित बीज प्रक्रिया केन्द्र कुछ वर्ष पूर्व के होने के कारण यहां पर न तो परिसर पर बाउंड्रीवाल है और न वाहनों के आवागमन के लिए सर्विस रोड। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे व कर्मचारियों की कमी भी बड़ी समस्या बना हुआ है। जिसमे जिम्मेदार शासन-प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लिहाजा स्थिति यह है कि क्षेत्र के किसान बन्धु अपने उन्नत उपज को पर्याप्त सुविधाओं व व्यवस्थाओं के बीच प्रक्रिया केंद्र में बेचने एवं बाद में प्रमाणिक बीज के भण्डारण को मजबूर है।



**विभिन्न फसलों के बीजों का किया जाता है भंडारण**

बताया जा रहा है कि साजा ब्लॉक के मोहगांव में स्थित छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के इस प्रक्रिया केन्द्र में खरीफ के सीजन में करीब 123 किसानों के 12 हज़ार क्विंटल उन्नत बीज का भण्डारण एवं रबी के सीजन में करीब 12 हज़ार क्विंटल अनाज का भंडारण किया जाता है। जिसमे उन्नत किस्म के धान, सोयाबीन, अरहर, चना, गेंहू, तिवड़ा, मसूर, सरसों व सूर्यमुखी सहित अन्य फसलों के प्रमाणिक बीज लेकर सुरक्षित रखे जाते हैं फिर किसानों की डिमाण्ड पर उपलब्ध कराए जाते हैं।

### कार्ड के साथ दिया गया पीला चावल

# महापरीक्षा में शामिल होने असाक्षरों के घर जाकर दिया गया आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत होने वाले महापरीक्षा की तैयारी के अंतर्गत ग्राम गुनरबोड में नव साक्षरों को परीक्षा के लिए आमंत्रण पत्र एवं पीला चावल देकर महापरीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया गया। साथ ही नवसाक्षरों को परीक्षा केंद्र की एवं समय की जानकारी दी गई।

सभी नवसाक्षरों को बताया गया कि परीक्षा का समय प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। शिक्षिकाओं द्वारा दीवारों पर परीक्षा तिथि एवं परीक्षा केंद्र को दीवारों पर लिखा गया। नवाचारी शिक्षिका विधि शर्मा



ने नवसाक्षरों से आग्रह किया कि सभी को परीक्षा में निर्धारित समय में पहुंचकर भारत सरकार की इस राष्ट्र व्यापी कार्यक्रम को सफल बनाना है। नवाचारी शिक्षिका ने बताया कि सभी ने 200 घंटे की पढ़ाई पूरी करके अब परीक्षा हेतु पात्र हुये है। अतः सभी को 23 मार्च को परीक्षा में सम्मिलित होकर राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का हिस्सा बनना है। रविवार को सारे काम छोड़कर सभी को महापरीक्षा में सम्मिलित होना है। शाला की प्रधान पाठक आशा कुजूर ने सभी नवसाक्षरों को परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आग्रह किया।

**अब आप सभी असाक्षार से साक्षर होने वाले हैं : विधि**

नवाचारी शिक्षिका विधि शर्मा ने सभी परीक्षार्थी से कहा अब आप सभी असाक्षार से साक्षर होने वाले हैं। आप सभी को बहुत बहुत बधाई। आप सभी भारत सरकार की इस योजना का हिस्सा बनें। इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड की प्रधान पाठिका आशा कुजूर, नवाचारी शिक्षिका विधि शर्मा शाला विकास समिति के अध्यक्ष रामस्वरूप ध्रुव, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि चित्रेंद्र वर्मा, पालक मधु सगरवंशी, व्यासनारायण उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 13,500/
स्पेशल ट्रेन से - 01 जुलाई से 10 जुलाई 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 18,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector- 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport